भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 592
दिनांक 07 फरवरी, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स, नई दिल्ली के सर्वर पर हमला

592 श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि दिसंबर 2022 में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली के सर्वर पर साइबर अटैक के बाद लंबे समय तक मरीजों को ऑनलाइन ओपीडी पर्ची बनवाने एवं मिलने का समय लेने तथा ऑनलाइन सेवाओं में दिक्कतों का सामना करना पड़ा;
(ख) क्या वर्तमान में एम्स की ऑनलाइन सेवाएं सुचारू रूप से कार्य कर रही हैं; और
(ग) क्या यह पता लगाने के लिए कोई अध्ययन करवाया गया है कि साइबर अटैक के बाद प्रभावित हो रही ऑनलाइन सेवाओं से मरीजों को कितनी दिककतें हुई ?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ भारती प्रविण पवार)

(क) से (ग): ई- हॉस्पिटल संबंधी सभी डेटा बेकअप सर्वर से पुन: प्राप्त कर लिया गया है जो अप्रभावित था और नए सर्वर पर रिस्टोर था। साइबर हमले के दो सप्ताह बाद ई-हॉस्पिटल एप्लिकेशन के अधिकांश कार्य जैसे रोगी पंजीकरण, अपॉइंटमेंट, भर्ती, डिस्चार्ज आदि को बहाल कर दिया गया है। दिन प्रतिदिन के ऑपरेशन/ सर्जरी के साथ- साथ संबद्ध क्रियाकलाप और रिकॉर्ड का रखरखाव मैन्युअल मोड में किया गया था। वर्तमान में एम्स, नई दिल्ली में चल रही सभी ओपीडी के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट सिस्टम कार्य कर रहा है।

****